उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

संख्याः– 211/08/ब.रक्ष./G-2/2023-24 दिनांकः 17 नवम्बर, 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं0–07/E-2/DR/JW/2022-23 दिनांक 15 नवम्बर 2022 द्वारा **जेल बन्दीरक्षक परीक्षा–2022** के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसके क्रम में आयोजित शारीरिक मापदण्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा का परिणाम दिनांक 10 अगस्त 2023 को घोषित किया गया है। उक्त परिणाम में सफल अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा आयोजित की गयी है। शारीरिक मापदण्ड /शारीरिक दक्षता परीक्षा के प्राप्तांक तथा लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्राप्तांक के योग से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन सूची में सम्मिलित करते हुए आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** पर अभिलेख सत्यापन सूची प्रसारित की गई है। अभिलेख सत्यापन सूची के अनुक्रमांक के अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावों तथा भर्ती केन्द्रों पर पर्वतीय क्षेत्र के सम्बन्ध में किये गये दावों का परीक्षण मूल प्रमाण पत्रों से किया जायेगा। यदि अभ्यर्थी दावों के अनुसार सम्बन्धित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है, तब उनके दावों को निरस्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। अभिलेखों का सत्यापन दिनांक 28, 29 व 30 नवम्बर 2023 को आयोग कार्यालय में किया जायेगा। इससे सम्बंधित विस्तृत कार्यक्रम आयोग की वेबसाइट पर पृथक से प्रसारित किया जायेगा।

-Sd-

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।